# कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)

फा.क्र. 07 /2026 सिस्टम टेंडर नं. 188614 कोरबा दिनांक 09.04.2026

## ई–निविदा आमंत्रण सूचना

कार्यालय नगर पालिक निगम, कोरबा द्वारा लोक निर्माण विभाग एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग, रायपुर द्वारा सड़क कार्य हेतु दिनांक 01.01.2025 से प्रभावशील दर अनुसूची पर (निविदा खुलने के दिनांक तक समस्त संशोधनों के साथ शेड्यूल अनुसार प्रतिशत दर पर ई–प्रोक्युरमेंट (E-Tendering) के माध्यम से निविदा प्रपत्र Form-A में निविदा आमंत्रित की जाती है:–

1. फिजिकल सबमिशन लिफाफा प्राप्त होने की अंतिम तिथि –05.05.2026 सायंकाल से 3.00 बजे तक
2. निविदा खुलने की अंतिम तिथि –05.05.2026 सायंकाल 4.00 बजे से

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि (लाख में) | धरोहर राशि (FDR/TDR) | कार्यावधि | निविदा प्रतिभागी शुल्क (डिमांड ड्राफ्ट) | ठेकेदार का वर्ग | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत अत्यावश्यक श्रेणी के बी.टी. सड़क कार्यों का तत्काल कियान्वयन किये जाने बावत कार्य(निगम मद) | 300.00 | 225000.00 | 12 माह (वर्षा ऋतु छोड़कर) | 3000/- | वर्ग बी एवं प्रवर श्रेणी | 05.05.2026 से ...... |

शर्तः–

1. निविदा दरें प्रचलित सी.एस.आर.से कम या अधिक प्रतिशत दरों पर दिया जावे सी.एस.आर.के अंतर्गत के आयटमों पर पृथक से आयटम दरों का उल्लेख करने पर निविदा निरस्त मानी जावेगी
2. जिन ठेकेदारों द्वारा नगर पालिक निगम (साडा) के किसी ठेके के कार्य में अनुबंध के अनुरूप कार्य न किया गया हो अथवा नगर पालिक निगम (साडा) के हित के विरूद्ध कार्य किया गया हो उन्हे निविदा भरने की पात्रता नही होगी।
3. इच्छुक ठेकेदारों को उचित वर्ग में पंजीयन की प्रमाणित प्रतिलिपि यदि साझेदारी फर्म हो तो उसका प्रमाण पत्र (पार्टनर्रशीप डीड) की सत्य प्रतिलिपि, उपलब्ध तकनीकी अमले की जानकारी, विगत 3 वर्षो का आयकर चुकता प्रमाण पत्र,पेन नम्बर, जी.एस.टी. पंजीयन प्रमाण पत्र एवं अमानत राशि के FDR/TDR की प्रति ऑनलाईन अपलोड करना अनिवार्य होगा, प्रशिक्षित यंत्री नियुक्त करने संबंधी प्रमाण पत्र, कर्मचारी भविष्य निधि रायपुर से पंजीकरण का कोड, निविदा प्रतिभागी शुल्क का डिमाण्ड ड्राफ्ट एवं धरोहर राशि FDR/TDR, शपथपत्र का स्केन कापी ऑन लाईन सिस्टम पर अपलोड करना अनिवार्य होगा ।
   - **अमानत राशि का वैध FDR/TDR, निविदा प्रतिभागी शुल्क का डिमांड ड्राफ्ट एवं निर्धारित प्रारूप में शपथ पत्र की मूल प्रति, स्वयं के स्वामित्व के आटोमेटिक ड्रम मिक्स प्लांट एवं अन्य मशीनरी के प्रमाणित बिल की प्रति, बीड केपेसिटी प्रमाण पत्र UDIN number के साथ सी.ए.द्वारा सत्यापित** लिफाफा में कार्य का नाम एवं अन्य विवरण अंकित कर केवल स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से आयुक्त,नगर पालिक निगम,कोरबा साकेत भवन, आई.टी.आई.चौक रामपुर कोसाबाड़ी पिन– 495677 कोरबा के पते पर भेजना होगा। निर्धारित तिथि को सायं 03:00 बजे के पश्चात् फिजिकल सबमिशन लिफाफा स्वीकार नहीं किया जायेगा।
   - निविदाकार को प्रत्येक निविदा में पंजीयन क्षमता के अंतर्गत वर्तमान में नगर निगम या अन्य विभागों में उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों का विवरण राशि सहित मूलप्रति में निर्धारित प्रारूप में वैध शपथपत्र (राशि रू. 100/– नॉनज्यूडिशियल स्टाम्प) निविदा आमंत्रण दिनांक के पश्चात का, निविदा कमांक एवं कार्य का नाम अंकित करना अनिवार्य होगा।
   - **अमानत राशि का FDR/TDR एवं निविदा प्रतिभागी शुल्क का डिमांड ड्राफ्ट जो कि आयुक्त, नगर पालिक निगम,कोरबा के नाम पर देय हो प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।**
4. सम्पूर्ण किये गये कार्यों के लिए प्रत्येक चल देयकों में से 5 प्रतिशत सुरक्षा राशि 01 वर्ष के लिए एवं मरम्मत एवं संधारण मद को छोड़कर शेष कार्यों में 5 प्रतिशत परफार्मेस सिक्यूरिटी की गारंटी के रूप में से 05 वर्ष के लिए रोकी जावेगी। सुरक्षा राशि एवं परफारमेंस गारंटी राशि वापसी हेतु समयावधि की गणना कार्य पूर्णता तिथि से किया जायेगा। उक्त समयावधि में निर्माण कार्य की भौतिक स्थिति सही होने तथा सक्षम प्राधिकारी के संतुष्टि के आधार पर भुगतान किया जायेगा।
5. जिन निविदाकारों द्वारा कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (वर्तमान तक वैधता ) एवं कर्मचारी राज्य बीमा निगम, रायपुर से पंजीयन कराकर कोड प्राप्त कर लिया हो वे निविदाकार ही निविदा हेतु पात्र होंगे। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ई.पी.एफ.) एवं विभिन्न प्रावधानों की धारा 1952 के तहत् निविदाकार का जीवित पंजीयन होना आवश्यक है साथ ही निविदा आमंत्रण दिनांक से विगत 03 माह की अवधि में जमा किये गये TRRN Payment Details चालान की प्रति प्रस्तुत करना तथा ऑनलाईन अपलोड किया जाना अनिवार्य होगा।
6. निविदा में भाग लेने वाले ठेकेदारों को छ.ग. भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन एवं सेवा शर्तों का विनियमन) अधिनियम 1996 एवं तद्अंतर्गत निर्धारित नियमों के तहत् पंजीयन कराना आवश्यक होगा तथा निर्माण लागत का 1 प्रतिशत उपकर के रूप में प्रत्येक देयक से कटौती की जावेगी।
7. डामरीकरण कार्य का निविदा प्रपत्र क्रय करते समय ठेकेदार को स्वयं के स्वामित्व के आटोमेटिक ड्रम मिक्स प्लांट, रोलर एवं अन्य मशीनरी, हॉल मिक्स प्लांट, पेवर फिनिशर एवं रोड रोलर आदि मशीनों के प्रमाण पत्र आवेदन के साथ संलग्न कर आवश्यक होगा तथा निविदाकार का 60 कि.मी. की परिधी में हॉल मिक्स प्लांट होना आवश्यक है।
8. ठेकेदार द्वारा 60/70 ग्रेड का डामर IOC, BPCL,HPCl से ही क्रय कर लगाना होगा। ठेकेदार को उल्लेखित कंपनी को दी जाने वाली प्रदाय आदेश की प्रतिलिपि इस कार्यालय को देनी होगी।
9. कार्य में प्रयुक्त डामर खरीदी के देयक (बिल) कार्यालय में प्रस्तुत करने पर ही भुगतान किया जावेगा।
10. निविदा दरों असामान्य कमी प्रतीत होने पर सफल निविदा दाता से अनुबंध के पूर्व एस.ओ.आर. एवं निविदा दर की अंतर की राशि के समतुल्य परफारमेंस गारंटी के रूप में राष्ट्रीयकृत बैंक एफ.डी.आर., पोस्ट ऑफिस, टाईम डिपॉजिट अथवा एन.एस.सी. जो कि आयुक्त नगर पालिक निगम, कोरबा के नाम पर देय होगा जो मांग तिथि से 15 दिवस के भीतर जमा करना अनिवार्य होगा। उपरोक्त राशि समयावधि में जमा न करने की दशा में निविदा स्वमेव निरस्त मानी जावेगी।
11. निविदा अहस्तांतरणीय होगा एवं सशर्त निविदाओं पर विचार नही किया जावेगा।
12. निविदा प्रपत्र फार्म –ए की कंडिका 11 Price Adjustment (एस्कलेशन) देय नहीं होगा।
13. निविदा के संबंध में किसी प्रकार की विवाद होने की स्थिति में आयुक्त का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।
14. निविदा स्वीकृत करने अथवा अस्वीकृत करने अथवा निरस्त करने का अधिकार नगर पालिक निगम के पास सुरक्षित रहेगा।
15. उपरोक्त निविदा सूचना की विस्तृत प्रति नगर पालिक निगम, कोरबा के साकेत भवन स्थित निर्माण शाखा से प्राप्त किये जा सकते है।
16. ठेकेदार द्वारा संपादित किए गए कार्यों के देयकों का भुगतान कार्य विशेष हेतु बजट आवंटन एवं राशि उपलब्ध होने पर किया जाएगा।
17. निविदा में सफल निविदाकार को ऐसे कार्य जिसकी अनुबंध राशि 10.00 लाख या उससे अधिक है, उनको प्रत्येक कार्यो हेतु पृथक से छ.ग. भवन और सन्निर्माण कर्मचार मण्डल का पंजीयन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा देयक भुगतान किया जाना संभव नहीं होगा।
18. कार्य कियान्वयन से संबंधित गुणवत्ता परीक्षण संबंधी रिपोर्ट पर होने वाले व्यय का वहन संबंधित ठेकेदार द्वारा किया जावेगा।
19. ठेकेदार को निर्माण कार्य के दौरान "निर्माण एवं अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016" में किये गए प्रावधानों का पालन करना अनिवार्य होगा।

विशेष शर्तः– अति आवश्यक / शासकीय योजना के तहत प्राप्त प्रशासकीय स्वीकृति के अनुसार कार्यो का कार्यादेश जारी किया जावेगा, इसलिये BOQ निर्धारित नही है।

अधीक्षण अभियंता
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)

प्रतिलिपि–

प्रोग्रामर, संचालनालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, रायपुर को uad.cg.gov.in में अपलोड करने हेतु प्रेषित।

## Date-Time Detail(s)

| Seq. No. | Nagar Nigam Stage | Contractor Stage | Start | | Expiry | | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Date | Time | Date | Time | |
| 1 | Release Tender | | 09.04.2026 | 15.30 | 09.04.2026 | 15.30 | Release Tender |
| 2 | | Bid Submission | 09.04.2026 | 15.30 | 30.04.2026 | 17.30 | |
| 3 | | Physical Document Submmission | 09.04.2026 | 15.30 | 05.05.2026 | 15.00 | |
| 4 | Tender Open | | 05.05.2026 | 16.00 | -- | -- | |

SUERITENDING ENGINEER
KORBA (CG)
For, Commissioner Korba (C.G.)